# प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविर में कई लोगों की समस्या का निस्तारण किया



रेवदर के पास सनवाड़ा में प्रशासन गांवों के संग अभियान में लोगों को पट्टे बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत



आमली गांव में खेल मैदान के लिए जगह आवंटन के कागजात दिये। फोटो-राष्ट्रदूत

**पिंडवाड़ा**,(निसं)। सिरोही जिले में ग्राम पंचायत आमली में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार, तहसीलदार मीणा, ग्राम विकास अधिकारी हनुवीर सिंह विश्नोई, आमली सरपंच वीरा राम गरासिया, आबू पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया, जिला परिषद सदस्य रतन देवी रावल, पंचायत समिति सदस्य चंपाबाई , उपसरपंच देवेंद्र भाई, चेलाराम, सुरता राम, छगन राम तेजाराम, ठाकरी राम, रमेश भाई रावल आदि की उपस्थिति में किया गया।

शिविर में आमली सरपंच वीराराम गरासिया उप सरपंच देवेन्द्र, वार्ड पंच और शांतिलाल, पुनाराम शिक्षा विभाग के बाबूलाल धर्माराम गरासिया, भंवरलाल गरासिया गजा राम, रमेश कुमार, जलाराम , नाथूलाल, शिव लाल, भगवत सिंह बाबू सिंह अर्जुन सिंह ने सहयोग किया। आमली गांव के लिए खेल मैदान का आवंटन आदेश अध्यापक और सरपंच को दिया। पट्टा वितरण, आबादी क्रमोन्नत, घरेलू बिजली कनेक्शन, पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, मूल प्रमाणपत्र, श्रमिक कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग से संबंधित लोगों के कार्य करवाए गए। .

शिविर में ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार, रोजगार सहायक लीलाराम, पंचायत सहायक गोपाल कुमार, पुखराज गर्ग और मेघाराम सहित कर्मचारियों ने कार्य किया।

**रेवदर संवाददाता के अनुसार :** प्रशासन गांवों के संग अभियान ग्राम पंचायत सनवाडा में बुधवार को सरपंच महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ।

प्रधान राधिका बैन देवासी शिविर प्रभारी रामजी भाई कलबी उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी मनहर बिश्नोई, तहसीलदार जितेंद्र सिंह जिला परिषद सदस्य रामाराम गरासिया,ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवडा, डबाणी सरपंच कृष्णपाल सिंह देवड़ा के आतिथ्य में शिविर आयोजित किया।

शिविर में शिविर प्रभारी रामजी भाई कलबी व मनहर बिश्नोई द्वारा जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गरत ग्राम असावा, सनवाडा में स्वीकृत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा आम ग्रामीणों को राज्य सरकार के नियमानुसार 50 व एससी एसटी के लिए 25०रुपये ग्राम पंचायत में जमा कराने के लिए आग्रह किया गया।

शिविर प्रभारी व प्रधान राधिका बैन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 6 नए जॉब कार्ड, केटेगरी फोर्थ के तहत खेतों में मेडबंदी और टीन शेड निर्माण के 9 प्रस्ताव, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 2 स्वीकृति आदेश, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 3 परिवारों के शौचालय निर्माण की स्वीकृतियां एवं 95 पट्टे, जन्म व मृत्यु के पांच, विवाह प्रमाण पत्र एक वितरित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 163 नामान्तरण,7 सहमति से विभाजन,6 रास्ते से सम्बंधित प्रकरण, 123 नाम शुद्धि के, 2 आबादी विस्तार के प्रस्ताव तैयार करना आदि कार्य किये गए

अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को फायदा लेने का आग्रह किया गया। नायब तहसीलदार मंगलाराम मीणा, किशन लाल,आर आई चारण, किशन लाल, पटवारी छगन लाल पूरी, रवेशीदान,अशोक कुमार श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, जलदाय विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, चिकित्सा एंड स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित 22 विभागों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में पंचायत समिति रेवदर से अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल, भरत सिंह, सहायक गोविंद मेघवाल ग्राम ग्राम विकास अधिकारी हितेश बामणिया, पवन ओसवाल, ,रोजगार सहायक कालूराम मेघवाल,पंचायत सहायक अरविंदसिंह,वगताराम, उप सरपंच महिपालसिंह,वार्डपंच दलाराम मेघवाल, राधा देवासी, लक्ष्मी देवी, रगाराम, वॉलिंटियर कमल दास संत, अमृत संत, रमेश पुरोहि,मगाराम,छगन पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

## बी.एस.एफ.के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम हुए

**बाड़मेर**, (निसं)। सीमा सुरक्षा बल वर्तमान समय में देश का सबसे मजबूत दल है, जो 24 घण्टे देश की सुरक्षा में तैनात है, बीएसएफ आमजन के साथ मिलकर राष्ट्र की सुरक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ की स्थापना 1965 में हुई थी। उसके बाद से लगातार देश की मजबूती में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है । उक्त उदगार 83 वीं वाहिनी के कमांडेंट एम पी सिंह ने बुधवार को बाड़मेर में बीएसएफ स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यक्त किये ।

83 वीं वाहिनी की बावा अध्यक्ष मोहिनी यादव ने कहा कि बीएसएफ स्थापना दिवस के अवसर पर कार्मिकों और परिवारों की प्रस्तुतियां काबिले तारीफ है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थानी ,गुजराती पंजाबी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वही बीएसएफ स्थापना दिवस के अवसर पर 83 वीं वाहिनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट एम पी सिंह ,बावा अध्यक्ष मोहिनी यादव, दुर्गावाहिनी संयोजिका प्रियंका गुप्ता , द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश ठाकुर,मरुगूँज संस्थान और टीम थार के वीर के संयोजक रघुवीरसिंह तामलोर और डॉ वसुंधरा यादव ने रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की। कमांडेंट एम पी सिंह ने कहा कि बीएसएफ राष्ट्र सुरक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बुधवार को स्थापना दिवस पर मरुगूंज संस्थान और टीम थार के वीर के सहयोग से रक्तदान शिविर में बावा अध्यक्ष मोहिनी यादव, कमांडेंट एम पी सिंह और मरुगूंज संस्थान ओर टीम थार के वीर के संयोजक रघुवीरसिंह तामलोर सहित लोगों ने रक्तदान किया।

## शिविर का बहिष्कार किया

**जालोर**, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर राज्य कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश महासंघ द्वारा घोषित किए गए चरणबद्ध आंदोलन की कड़ी में 1 दिसम्बर से 3 दिसंबर तक शिविरों का बहिष्कार, असहयोग एवं उपखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के तहत 1 दिसम्बर से उपशाखा अध्यक्ष पुख सिंह भाटी के नेतृत्व में धरना दिया एवं मुख्य सचिव के नाम उपखंड अधिकारी जालौर को ज्ञापन सौंपा गया।

धरने में कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत, उपशाखा मंत्री ललित कुमार सूरीयाल, उपाध्यक्ष मदन सिंह बालोत ग्राम विकास अधिकारी संघ, महासंघ उपाध्यक्ष पोकाराम सोलंकी , वेलाराम, हंजा राम, अनिल व्यास सहायक विकास एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ, राधेश्याम तंवर सहायक कर्मचारी संघ , कैलाश कुमार खत्री, प्रकाश नारायण माली प्रगतिशील शिक्षक संघ, वरुण शर्मा, गोपाल विश्नोई, हंसराज आदि मौजूद रहे।

## दूध का दूध, पानी का पानी अभियान शुरू

**जालोर**,(कासं)। जिले में राज्य सरकार के जन स्वास्थ्य जागरण अभियान के तहत सरस डेयरी रानीवाडा द्वारा रानीवाडा शहर में बुधवार को 'दूध का दूध पानी का पानी अभियान' का प्रबन्ध संचालक ओमप्रकाश सुखाडिया के निर्देशन में शुभारम्भ किया गया।

अभियान के दौरान उपभोक्ताओं के दूध की मौके पर ही जांच की जाकर दूध की गुणवत्ता के बारे में जागरूक किया गया। अभियान में आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए दूध की गुणवत्ता की जांच करवाई। इस दौरान जवानसिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक बोहरा, महेन्द्र सिंह व अजीम खान उपस्थित थे।

## विश्नोई का दौरा

**जालोर**, (कासं)। राज्य के श्रमराज्य मंत्री सुखराम विश्नोई 5 दिसम्बर तक जालोर दौरे पर रहेंगे। जहां वे प्रशासन गावों के संग अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे 2 दिसम्बर को सुबह 7.30 बजे जोधपुर से रवाना होकर 11 बजे निम्बाउ पहुचेंगे। वहां से वे क्षेत्र का दौरा करते हुए सांचोर पहुंचेगे। जहां वे रात्रि विश्राम करेगे। 3 दिसम्बर को सुबह 7 बजे जोधपुर से रवाना होकर 11 बजे विरामी पहुंचेंगे। वे सांचोर पहुंचेंगे। 4 दिसम्बर को रोहीदो की ढाणी वालेरा में 11 बजे व रिडका चितलवाना में 12.15 बजे प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में क्रमोन्नत विद्यालय का शुभारम्भ करेंगे।

# अबूरोड में कोविड सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए


आबूरोड में चिकित्सा अधिकारी, एलएचवी व कम्प्यूटर ऑपरेटर का समेकित रोग निगरानी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**आबूरोड**, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के समेकित रोग निगरानी कार्यक्रम आईडीएसपी के अंतर्गत स्वास्थ्य भवन के सभागार में आबूरोड ब्लॉक के सभी चिकित्सा अधिकारियों एलएचवी व कम्प्यूटर ऑपरेटर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार की अध्यक्षता में समेकित रोग निगरानी कार्यक्रम आईएचआईपी का प्रशिक्षण दिया गया।

सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार ने साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचाव के लिए आमजन में जागरूकता लाकर कोविड टीकाकरण की दोनों डोज समय पर लगवाने व कोविड सैम्पलिंग अधिक से अधिक करने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार ने बैठक में जिले में संचालित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम योजना व कोरोना संक्रमण के बचाव की अब तक की स्थिति के बारे में चिकित्सा अधिकारियों से वार्तालाप कर समीक्षा की साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया की कोरोना महामारी में गर्भवती महिला व बच्चों का टीकाकरण से वंचित नही रहे इसलिए आँगनवाडी केन्द्र व चिकित्सा संस्थान पर टीकाकरण समय पर करवाने के निर्देश दिये। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि समेकित रोग निगरानी कार्यक्रम आईएचआईपी एक रियल टाइम आधारित वेब इनेबल्ड इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ इनफार्मेशन सिस्टम है। जिसमें किसी भी बीमारी के केस के आधार पर स्वास्थ्य संस्था के डाटा को एकत्रित किया जायेगा। यह एक सिंगल विंडो प्लेटफार्म है। आईएचआईपी की शुरुआत आईडीएसपी कार्यक्रम से की गयी है। तीन प्रकार के प्रारूप एसए पी और एल को ऑनलाइन भरा जावेगा तथा किसी भी प्रकार की बीमारी का अलर्ट जारी किया जा सकता है। प्रशिक्षण में आईएचआईपी मोबाइल एप में फॉर्म किस प्रकार भरा जायेगा उसका प्रशिक्षण एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. पंकज सुथार ने पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा दिया तथा एलएचवी को मोबाइल पर एप इनस्टॉल करने की जानकारी दी।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश गौतम, यूएनएफपीए जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गिरीश माथुर, जिला आईईसी समन्वयक दिलावर खां के साथ सोहन लाल आदि मौजूद रहे।

## दुपहिया वाहन चोरी का खुलासा

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला पुलिस ने बुधवार को सायला में दुपहिया वाहन चोरी की एक दर्जन वारदातों का पर्दाफाश कर एक किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया। चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की।

जिलें में सम्पति संबंधी अपराध की रोकथाम व वारदातों को ट्रेस करने के क्रम में दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने तथा बरामदगी एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सायला पुलिस टीम ने आसूचना संकलन कर तकनीकी सहायता व सतत निगरानी रखकर विधि से संघर्षरत एक नाबालिग किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया जाकर थाना सायला के प्रकरण में चोरी गई मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान नाबालिग किशोर द्वारा पाली जिले में अपने साथीयों के साथ कमटा मजदूरी करना व अपने घर बाड़मेर जाते समय रास्ते से मोटरसाईकिले चुरा कर ले जाना बताया है। उक्त नाबालिग किशोर व उसके साथियों द्वारा कस्बा सायला, जालोर शहर, रानी जिला पाली व बालोतरा जिला बाड़मेर से करीब एक दर्जन मोटरसाईकिले चोरी करना स्वीकार किया है। वारदात में अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

कस्बा सायला में नया बस स्टेण्ड के पास गली में मकान के आगे खड़ी की हुई मोटरसाईकिल को चुरा कर ले जाना को लेकर नरसिंहदान पुत्र देवीदान, जाति चारण, निवासी नरपुरा थाना बागरा हाल भू-अभिलेख निरीक्षक सायला की रिपोर्ट पर थाना सायला में अनुसंधान शुरू किया गया।

# बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन


जालोर जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्धति के तत्वावधान में आयोजित अंडर -15 बालक व बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब आर्य वीर दल ने जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्धति के तत्वावधान में आयोजित अंडर -15 बालक व बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब आर्य वीर दल ने जीता। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष महेंद्र मुणोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि आर्य वीर दल , वीरम व्यायामशाला में आयोजित हुई।

कुश्ती प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य थे,जबकि अध्यक्षता जिला एथलेटिक संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि शाखा नायक गणपत आर्य, बॉक्सिंग कोच पुष्पेंद्र परमार, छगन नाथ व जिला वुशू संघ के कोषाध्यक्ष वरुण शर्मा थे। मुख्य अतिथि शिवदत्त आर्य ने कहा आर्य वीर दल लंबे समय से विभिन्न खेलों निः शुल्क ट्रेनिंग दे रहा है। युवा व्यायामशाला में आकर नियमित अभ्यास करें।

नियमित अभ्यास से ही जीवन में सफलताएं मिल सकती है । आर्य ने बताया कि बालिका फ्री स्टाइल कुश्ती में 42 किलोग्राम भार वर्ग में नेहा सुथार प्रथम उर्वशी व्दितीय, बालक फ्री स्टाइल कुश्ती के 38 किलोग्राम भार वर्ग में प्रेम कुमार प्रथम व हर्ष द्वितीय, 44 किलोग्राम भार वर्ग में दीप सिंह प्रथम व किरण कुमार व्दितीय तथा 52 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित प्रथम व भावेश नाथ व्दितीय स्थान पर रहे। सचिव आर्य ने पहलवानों को दांवपेच के गुर सिखाए। आर्यवीर कुंदन नाथ के कच्छ की घोड़ी नृत्य पर राज्य भर में व्दितीय स्थान प्राप्त करने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। विभिन्न भार वर्ग के जिया, कुसुम सुथार,नेहा गोस्वामी, हंसिका मोनिका स्वामी , महावीर सिंह, पार्थ मदान व कुंदन नाथ के सामने प्रतियोगी पहलवान नहीं होने के कारण उनकी कुश्तियां के मुकाबले नहीं हो सके। स्टेशन के कोषाध्यक्ष विनोद आर्य, मोहन लाल भादरू, कूपाराम आर्य, रामरख गोदारा, गुलाब नाथ,यश परमार, दिलीप कुमार, स्वर्णाक्षी, चारू, वीरमा राम आदि उपस्थित थे।

# बाड़मेर में कृषि व घरेलू विद्युत चोरी पर करीब 5.23 लाख रुपए का जुर्माना

**बाड़मेर**, (निसं)। विद्युत तंत्र के साथ छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी कर निगम को राजस्व का नुकसान पहुंचाने पर विद्युत चोरो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले दो दिनों में दो अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त कर 12 जगहों पर विद्युत चोरी पकड़ी एवं संबंधित के खिलाफ करीब 5.23 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

जोधपुर डिस्कॉम बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि मंगलवार को अधिशाषी अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम, गुड़ामालानी भेराराम चौधरी सहित सहायक अभियंता सेडवा, हिमांशु वर्मा एवं विद्युत चोरी निरोधक थाना के साथ मिलकर रंगवाली गांव में गैर उपभोक्ता चैनाराम पुत्र खेराजराम जाट द्वारा खेत में स्थित 11 केवी लाईन में अंकुडिये लगाकर जमीन में खड्डा खोदकर अवैध ट्रांसफॉर्मर छुपाकर एवं उसके उपर झाडिया डालकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त कर उसके खिलाफ 40268 रूपए का जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार टीम द्वारा संत ज्ञानीराम आदर्श विद्या मंदिर साता में अवैध रूप से अंकुडिये लगाकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर उसके खिलाफ 17 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

इसी तरह साता गांव में ही कैलाशदान पुत्र मुरारदान द्वारा अंकुडिये लगाकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर 31 हजार रूपए का जुर्माना गया।

वहीं बायतु में सहायक अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम बायतु प्रदीप डाडवानी मय टीम ने सोमवार को गंगाराम पुत्र पूराराम जाट निवासी हेमोणियों की ढाणी बाटाडू द्वारा 11 केवी लाईन में अंकुडिये लगाकर अवैध मॉडिफाईड ट्रांसफॉर्मर के जरिए सिंगल फेज सप्लाई को थ्री फेज में परिवर्तित कर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर सतर्कता जांच की कार्यवाही करते कर उनके खिलाफ 2.50 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया।

**■ गोपनीय सूचना के आधार पर अवैध ट्रांसफार्मर जब्त कर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई**

अधिशाषी अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम, गुड़ामालानी भेराराम चौधरी सहित सहायक अभियंता सेडवा हिमांशु वर्मा एवं विद्युत चोरी निरोधक थाना के साथ मिलकर मंगलवार की शाम करीब 7 बजे गांव रंगवाली, साता में की गई सतर्कता जांच की कार्यवाही में पाया गया कि काश्तकार चैनराम पुत्र खेराजराम द्वारा 11 केवी लाईन के नीचे जमीन में खड्डा खोदकर उसमें अवैध मॉडिफाईड ट्रांसफॉर्मर छुपाकर रखा गया था। साथ ही किसी को भनक नहीं लगे। इसके लिए उसने ट्रांसफॉर्मर के उपरी हिस्से पर भी झाडिया डालकर रखी थी। लेकिन गोपनीय सूचना के आधार पर डिस्कॉम द्वारा की गई कार्यवाही में टीम ने अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त कर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की गई।अधिशाषी अभियंता (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम बाड़मेर दुर्गाराम चौधरी मय विद्युत चोरी निरोधक थाना टीम बाड़मेर द्वारा गत सोमवार को धोरीमन्ना क्षेत्र में आठ लोगो के खिलाफ विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर 1.85 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया।

चौधरी ने जांम्भोजी का मंदिर बांछला में पांच स्थानों पर, दुधू खत्रियों की बेरी, लोलो की बेरी, व माणकी में एक-एक स्थान पर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर सतर्कता जांच की कार्यवाही करते हुए 1.83 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

## आबूरोड में ओवरब्रिज निर्माण में आ रही बाधा खत्म हुई

**आबूरोड**, (निसं)। सिरोही जिले मे आबूरोड के गांधीनगर ओवर ब्रिज के निर्माण में भूमि अवाप्त की कार्यवाही के बाद आखिरकार गांधीनगर ओवरब्रिज का कार्य शुरू हो गया।अब जल्द ही ओवरब्रिज का कार्य पूर्ण हरोकर शहर के लोगो की इसकी सुविधाए प्राप्त होने लगेगी।

उल्लेखनीय है कि 11 नवम्बर को सिरोही राजधराने द्वारा अवाप्त भूमि निर्माण कार्य के लिए पालिका को सुपुर्द करने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्य के लिए अवाप्त राशि के भुगतान को लेकर क्षेत्रीय विधायक जगसीराम कोली ने राजस्थान विधानसभा में मामले को उठाया तो वही पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य शासन सचिव भवानी सिंह देथा को अवगत करवा करवाया।

उसके बाद कही भूमि अवाप्ति राशि जारी करने के आदेश जारी किए उपखंड अधिकारी आबू पर्वत ने भूमि अवाप्ति की राशि का भुगतान करने के बाद आशीष कंस्ट्रक्शन के मैनेजर अश्विन पटेल द्वारा बुधवार को जेसीबी से भूमि समतल का कार्य चालू किया।

इस मौके पर पूर्व पार्षद जितेंद्र परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आबूरोड में विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया


आबूरोड के सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय में एड्स जागरूकता दिवस मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**आबूरोड**, (निसं)। सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय आबूरोड में बुधवार को महाविद्यालय में एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. विक्रान्त सक्सेना ने एड्स के कारण, एड्स से बचाव के उपाय, उपचार तथा एड्स के सम्बन्ध में फैली हुई भ्रान्तियों पर विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने एड्स से संक्रमित व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति के साथ भेद-भाव अथवा प्रताड़ना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य भूराराम ने डॉ. विक्रान्त सक्सेना का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्रों को एड्स माहमारी के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चन्द ने विद्यार्थियों को एड्स के प्रति सचेत रहने, अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी इससे सचेत करने एवं जागरूक रहने का आव्हान किया।

डॉ. अंशुरानी सक्सेना, डॉ. संजय पुरोहित, महेन्द्र देवन्दा, भगवान देव ईनाणी व डॉ. दिनेष चारण उपस्थित रहे। सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हनुमन्त सिंह चौहान ने किया।

## कुएं से मोटर चोरी करने का मामला दर्ज

**स्वरूपगंज**,(निसं)। भारजा स्थित एक कृषि कुएं पर बुधवार को मोटर को क्षतिग्रस्त कर चोरी का मामला आया।

थानाधिकारी देवाराम के अनुसार भारजा हाल स्वरूपगंज निवासी गुलमुलाखॉन पुत्र फजले रहमान जाति मुसलमान ने रिपोर्ट देकर बताया कि भारजा में एक कृषि कुआं है। जिस पर उन्होंने कृषि योजनान्तर्गत, उद्यान विभाग, सिरोही से कृषि अनुदान के रूप में सिंचाई टाटा पॉवर प्रा.लि. के अधीन पानी कि मोटर लगवाई थी। अज्ञात बदमाशों ने 22 नवम्बर की रात्री में टाटा पॉवर प्रा. लि. कम्पनी कि क्षमता 3 किलोवॉट को तोड़फोड़ कर पूर्णतय क्षतिग्रस्त कर दी है।

गुलमुल्ला खान ने कृषि कुएं पर जाकर देखा तो पाया कि भारजा में स्थित कुआ पर टाटा पॉवर लि. कम्पनी कि क्षमता 3 किलोवॉट को तोडफोड कर चोरी कर सामान लेकर फरार हो गए।

## एड्स दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र जालोर एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में बुधवार को विश्व एड्स दिवस पर अल्पसंख्यक छात्रावास मे कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में उपनिदेशक किशनलाल जाट ने कहा कि एड्स का बचाव ही इलाज है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने आस-पास चेतना तथा जागृति पैदा करे।